एक नजर में

## काव्य-संग्रह 'दुनिया काठ की' का लोकार्पण



इन्दौर. वामा साहित्य मंच की अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित लेखिका श्रीमती ज्योति जैन के नवीन काव्य-संग्रह दुनिया काठ की का गरिमामय विमोचन संपन्न हुआ. यह लेखिका की सत्रहवीं पुस्तक है। जाल सभागृह में आयोजित इस समारोह में देश के दिग्गज साहित्यकारों और सुधी पाठकों ने शिरकत की. सरस्वती वंदना की मोहक प्रस्तुति दिव्या मण्डलोई और वाणी जोशी ने दी. वामा की संस्थापक अध्यक्ष पद्मा राजेन्द्र ने स्वागत उद्बोधन दिया. विमोचन के पश्चात चर्चा सत्र में वरिष्ठ लेखिका ज्योति जैन ने अपनी लेखन यात्रा और इस संग्रह की वैचारिक पृष्ठभूमि को साझा किया. लोकार्पण में मुख्य अतिथि डॉ. सच्चिदानंद जोशी सदस्य सचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली ने कृति का विमोचन करते हुए कहा कि ज्योति जैन ख्यातिलब्ध लेखिका है उन्होंने कविताओं का जो विषय चुना है वह समाज के यथार्थ और मानवीय संवेदनाओं को बेहद गहराई से छूता हैं. लेखिका ने ऐसे अनछुए विषयों को चुना जो जीवन से गुम हो गए हैं. विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध लेखक एवं शिवना प्रकाशन के संस्थापक पंकज सुबीर ने संग्रह की भाषाई शुद्धता और प्रतीकों की प्रशंसा करते हुए इसे हिन्दी काव्य जगत की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया. कार्यक्रम का संचालन स्मृति आदित्य ने किया. अतिथियों का स्वागत डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. शोभा प्रजापति, संजय भाटे, दीपक गिरकर, डॉ. भरत रावत ने किया. काव्य संग्रह के प्रकाशन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु शहरयार जी का सम्मान स्वर्णिम माहेश्वरी, चेतन कुसुमाकर ने किया. अतिथियों को स्मृति चिन्ह संजय पटेल, आशुतोष दुबे, गरिमा संजय दुबे, अंजना मिश्रा ने भेंट किए. आभार शरद जैन ने व्यक्त किया.

## अभिग्रह चौक, डॉ. राजेश मुनि मार्ग का लोकार्पण



इंदौर. अभिग्रहधारी राजेश मुनि के जन्म दिवस पर नगर पालिका निगम ने अहिंसा और शाकाहार की प्रेरणा के साथ धर्म को जोड़कर नई सौगात दी है. अभिग्रह चोक डॉ राजेश मुनि मार्ग का लोकार्पण महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मालिनी गौड़ द्वारा किया गया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह मार्ग यहाँ से गुजरने वाले हर व्यक्ति को अहिंसा और शाकाहार की प्रेरणा देगा। राजेश मुनि महाराज के अभिग्रह फलित होने और पूर्ण होने में मैं भी साक्षी रहा हूं. आप बहुत बड़े तपस्वी संत हैं. विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि जैन धर्म सभी संघ समाजो को नई प्रेरणा देता है और जैन समाज का शासन में महत्वपूर्ण योगदान है. इस अवसर आशापुरा गौशाला के लिए दानदाताओं द्वारा. दान राशि घोषित की गई. राजेशमुनि को राजकीय अतिथि घोषित किया जाए ऐसा महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रस्ताव रखा. मार्ग लोकार्पण कार्यक्रम के लाभार्थी बादल देवी टोडरमल कटारिया परिवार थे और कार्यक्रम के लाभार्थी विनोद मंजू बम्बोरी थे. कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद जितेन्द्र राठौर, हरप्रीत लूथरा जोन अध्यक्ष उपस्थित रहे. संचालन भरत पारख महापौर प्रतिनिधि ने किया. कार्यकम मे प्रकाश भटेवरा, दीपक टीनु जैन, महेश डाकोलिया, टीसी जैन, राजेन्द्र लोढा, पीयूष जैन, नरेंद्र मेहता आदि ने भी आपने भाव व्यक्त किये. आभार नरेन्द्र जी दलाल के द्वारा किया गया.

## स्वार्थ से बंधे रिश्ते ज्यादा दिनों तक नहीं चलते




इन्दौर. कृष्ण और सुदामा की मित्रता पूरी दुनिया में अनूठा उदाहरण है. मित्रता के नाम पर स्वार्थ और मोह-माया से बंधे रिश्ते ज्यादा दिनों तक नहीं चलते। कृष्ण-सुदामा जैसा मैत्री भाव आज पूरे विश्व की जरूरत है. यह भारत भूमि का ही पुण्य प्रताप है कि यहां कृष्ण जैसे राजा और सुदामा जैसे स्वाभिमानी ब्राह्मण हुए. कलियुग में मित्रता को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है. ऊंचे पदों पर बैठे लोगों को अपने बाल सखाओं के दुख-दर्द में भागीदार बनने का संदेश भी इस प्रसंग से मिलता है. ये विचार हैं भागवत भूषण आचार्य पं. राजेश शास्त्री के, जो उन्होंने लोहारपट्टी स्थित श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर पर हंसदास मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे भागवत ज्ञानयज्ञ में कृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा में सुदामा एवं कृष्ण के बीच निश्छल और नि:स्वार्थ मित्रता का भावपूर्ण उत्सव भी मनाया गया. कथा में राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, साईं भक्त हरि अग्रवाल, कमलेश खंडेलवाल, कमलेश गुप्ता, अक्षय बम, सुभाष दुबे, गोपाल भारद्वाज सहित अनेक श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ का पूजन किया और आरती में भी भाग लिया। विजयवर्गीय ने भक्तों के आग्रह पर मनोहारी भजन भी सुनाया. राधा रानी महिला मंडल की ओर से श्रीमती वर्षा शर्मा, गीता व्यास, उषा सोनी, चंदा खंडेलवाल, बबली खंडेलवाल, निर्मला सोलंकी आदि ने आचार्यश्री एवं मेहमानों की अगवानी की.

## अनिरुद्ध मौर्य ने पॉवर लिफ्टिंग में रजत पदक जीता

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अंतर्गत आयोजित सभी विश्वविद्यालयों की पावर लिफ्टिंग चयन प्रतियोगिता श्रीराम जिम्नेशियम इंदौर में संपन्न हुई. इसमें शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय के बीबीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनिरुद्ध गजेंद्र मौर्य ने सहभागिता की. उन्होंने 105 किलोग्राम भार वर्ग में 492.5 किलोग्राम वजन उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रजत पदक अर्जित किया.

## आज निकाली जाएगी श्री बनेड़िया जी की पदयात्रा

इंदौर. वर्ष की समाप्ति एवं नववर्ष की पहली सुबह भगवान के चरणों में बिताने के लिए इस वर्ष भी भगवान बनेड़िया जी की पदयात्रा 31 दिसंबर को सुबह 7 बजे हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ निकाली जाएगी. दिगंबर जैन पदयात्री संघ के तत्वावधान में पदयात्री अपने-अपने समूह में सुबह 7 बजे गांधीनगर से भजन करते हुए सायंकाल बनेड़िया प्रभु के चरणों में नमन कर यात्रा पूर्ण करते हैं. यात्रा संयोजक सुरेश काला, मनीष काला एवं ललित छावड़ा ने बताया कि इस वर्ष यात्रा में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है. इसमें इंदौर ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और विदेशों अमेरिका एवं ऑस्ट्रेलिया से भी श्रद्धालुओं के पदयात्रा में शामिल होने की सूचना है. यात्रा सहयोगी ललित सेठी, पारस जैन, विरेंद्र राव का अपने साथियों के साथ पद यात्रियों की सतत सेवा में संलग्न रहते हुए यात्रा पूर्ण करते हैं.

## पं. बालकृष्ण शर्मा का होगा सार्वजनिक अभिनंदन



इन्दौर. शहर के समीप ग्राम हरसौला में स्वंभू माँ भवानी प्राचीन मंदिर पर ज्योतिषाचार्य भागवताचार्य पं. बालकृष्ण शर्मा द्वारा माँ भवानी परिसर में नववर्ष 1 जनवरी 2026 के मंगलमय कार्यक्रम आयोजन की शुरुआत प्रात: 9 बजे से गायत्री परिवार द्वारा हवन-पूजन कर की जाएगी. इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा का समस्त भक्तों द्वारा सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा। माँ भवानी का विशेष श्रृंगार कन्याओं के पाद-पूजन के साथ महाप्रसादी का वितरण होगा. जानकारी देते हुए समाजसेवी मदन परमालिया एवं पं. भरत शर्मा ने बताया कि हरसौला स्थित स्वंभू माँ भवानी प्राचीन मंदिर परिसर में नववर्ष 2026 की अगवानी धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के साथ की जाएगी। महिला मंडल द्वारा भजनों के साथ ही ग्राम हरसौला की महिला मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति देंगी.

## रामलला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर आज शौर्य दिवस

इंदौर. अयोध्या में प्रभु रामलला के दिव्य और भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि अनुसार द्वितीय वर्षगांठ के पवित्र प्रसंग पर 31 दिसम्बर को खातीपुरा, रिवर साइड रोड स्थित प्राचीन राम मंदिर पर शहर के विभिन्न संगठनों की ओर से महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास महाराज के सानिध्य एवं विहिप के पूर्व केन्द्रीय उपाध्यक्ष हुकमचंद साबला के आतिथ्य में सुबह 8.45 से 10 बजे तक शौर्य दिवस मनाया जाएगा. कार्यक्रम संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया संस्था गौसेवा भारती एवं चैतन्य भारत की मेजबानी में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा.

# नववर्ष की रात शहर में रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा

- हुड़दंगियों पर होगी सीधी कार्रवाई
- 31 दिसंबर को चौराहों, पब होटल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त बल



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नववर्ष की पूर्व संध्या पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की है. 31 दिसंबर की रात शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी के साथ सख्ती बरती जाएगी, वहीं शराब पीकर वाहन चलाने और सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी.

31 दिसंबर को लेकर पुलिस कमिश्नरेट ने पूरी तरह से कमर कस ली है. शहर के प्रमुख चौराहों, मॉल, पब, होटल, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस, कॉलोनियों के एंट्री पॉइंट और हाईवे से जुड़े इलाकों में विशेष चेकिंग पॉइंट बनाए जाएंगे. रात के समय लगातार पेट्रोलिंग के साथ ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया जाएगा. पुलिस की योजना के तहत करीब तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी मैदान में तैनात रहेंगे. इसमें थाना बल के साथ ही क्राइम ब्रांच, ट्रैफिक पुलिस, महिला पुलिस, क्यूआरटी, एफआरवी और रिजर्व फोर्स को शामिल किया है. संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल लगाया जाएगा, वहीं कुछ स्थानों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन जांच की जाएगी. शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाएगी. तय सीमा से अधिक शराब पाए जाने पर लाइसेंस जब्ती, वाहन सीज और जरूरी कार्रवाई भी की जाएगी. सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, सड़क पर नाच गाना, तेज आवाज में डीजे, स्टंटबाजी और महिलाओं से अभद्रता जैसे मामलों में पुलिस सीधे केस दर्ज करेगी.

### नववर्ष की रात किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं : पुलिस कमिश्नर

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि नववर्ष की रात किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है. उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया के माध्यम से आमजन से अपील की जाती है कि वे नियमों का पालन करें, नशे में वाहन न चलाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें.

# पीथमपुर सेक्टर-7 में वाणिज्यिक भूखंडों का किया आवंटन

नव भारत न्यूज

**इन्दौर.** एमपीआईडीसी द्वारा विकसित स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप में आज कई जमीन मालिकों को व्यवसायिक भूखड़ आवंटित किए गए. एमपीआईडीसी उक्त योजना 454 करोड़ रुपए मूल्य के 3735 भूखंडों का आवंटन कर चुका है. आज करीब 14 भू स्वामियों को 47 करोड़ के वाणिज्यिक प्लॉट आवंटित किए गए.

एमपीआईडीसी पीथमपुर में 452 करोड़ रुपए की लागत से स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप सेक्टर-7 का विकास कर रहा है. उक्त योजना में भू-धारकों को आपसी सहमति के आधार पर लैण्ड पुलिंग पद्धति से प्लाटों का आवंटन किया जा रहा है. ध्यान रहे कि उक्त योजना में जिन भू-स्वामियों द्वारा अपनी जमीन दी गई है, ऐसे भू-स्वामियों को जमीन के बदले कलेक्टर गाईड लाईन की दो गुना राशि का 20 प्रतिशत नकद भुगतान किया जाता है. शेष 80 प्रतिशत राशि के विकसित वाणिज्यिक एवं आवासीय भूखण्ड आवंटित किये जाते हैं. योजना में भू-स्वामियों को पहले 3735 भूखण्ड आवंटित किए जा चुके हैं, जिनका मूल्य 454 करोड़ रुपए है.

आज एमपीआईडीसी ने 14 भू-स्वामियों को वाणिज्यिक भूखण्ड चयन कर आवंटन करने के लिए बुलाया था, जिसमें से 6 भू-स्वामियों को 47 करोड़ मूल्य के 47 वाणिज्यिक भूखण्ड आवंटित किए गए. 2 भू-स्वामियों ने अन्य स्थान पर भूखण्ड चाहे गए जिनका आवंटन बाद में किया जाएगा. 7 ऐसे भू-धारक बैठक में नहीं आते, उन्हें लॉटरी पद्धति से भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे. कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने सभी भू-स्वामियों को अवगत कराया कि भूखण्ड के आवंटन के बाद जो भी शेष प्रतिफल की राशि बची है, उसके बदले में उन्हें लॉटरी से आवासीय भूखण्ड आवंटित किए जाएंगे.

# नर्सरी मैनेजमेंट पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला

- मां कनकेश्वरी देवी महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**इंदौर.** मां कनकेश्वरी देवी महाविद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में नर्सरी मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पौध उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूक करना रहा.

मुख्य वक्ता वन विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. अशोक कुमार जोशी ने बीज रोपण की वैज्ञानिक विधियाँ, गुणवत्तापूर्ण बीजों का चयन, आधुनिक नर्सरी प्रबंधन तकनीकें, वन नीति तथा पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी. उन्होंने पॉलीहाउस, हाइड्रोपोनिक्स एवं नर्सरी मैनेजमेंट के माध्यम से स्वरोजगार और उद्यमिता की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला. महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि नर्सरी मैनेजमेंट पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष बल देती है. प्रायोगिक सत्र में वन विभाग के रेंजर डॉ. बिलोरे ने नर्सरी स्थापना, पौध तैयार करने की तकनीक, देखभाल एवं विपणन की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से पौध रोपण कराया.

### विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर इको क्लब द्वारा आयोजित बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम का आयोजन इको क्लब प्रभारी डॉ. बबीता अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा संचालन डॉ. प्रियंका ढलवानी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.






# कला, फैशन और सौंदर्य का दिखा संगम

- मॉडल्स ने रैम्प पर बिखेरा स्टाइल और क्रिएटिविटी का जादू

**इंदौर. मंगलवार को सायाजी होटल में वोग: विज़न ऑफ़ ग्लैमर हाई फैशन, हेयर एंड ब्यूटी शो का आयोजन किया गया. द स्टोरी ऑफ़ हाई फैशन, हेयर एंड ब्यूटी की थीम पर आधारित इस शो में कला, क्रिएटिविटी और प्रोफेशनल ट्रेनिंग का शानदार संगम देखने को मिला. आयोजन में लगभग 500 से अधिक दर्शकों की उपस्थिति रही.**

कार्यक्रम में संत अन्ना महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे. शो में 50 से अधिक मॉडल्स ने रैम्प पर वॉक करते हुए फैशन के नए प्रयोगों, आर्ट-इंस्पायर्ड डिज़ाइनों और क्रिएटिव स्टाइलिंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया. खास बात यह रही कि रैम्प पर प्रदर्शित किए गए सभी ड्रेसेज़ और अपैरल विद्यार्थियों और उनके मेंटर्स द्वारा विशेष रूप से इस शो के लिए तैयार किए गए थे. इन डिज़ाइनों में रंगों, टेक्सचर और हैंडक्राफ्ट का ऐसा संतुलन देखने को मिला, जिसने पूरे शो को एक आर्ट-बेस्ड फैशन एक्सपीरियंस में बदल दिया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में ब्यूटी एजुकेटर सीमा वी. जेराजानी उपस्थित रहीं. उन्होंने कहा कि इस तरह के मंच युवाओं को आत्मविश्वास के साथ इंडस्ट्री के सामने खुद को प्रस्तुत करने का अवसर देते हैं.

### टैलेंट को मंच देने की पहल

कार्यक्रम की सूत्रधार द फिनिशिंग स्कूल- ब्यूटी एजुकेशन की संस्थापक उन्नति सिंह ने बताया कि वोग शो प्रोफेशनल इंटर्नशिप प्रोग्राम जेन- ज़ीरो टू एक्सपर्ट नर्चर का समापन समारोह था. वोग केवल एक फैशन शो नहीं है, बल्कि यह नए टैलेंट को प्लेटफॉर्म, दिशा और प्रोफेशनल एक्सपोज़र देने की एक पहल है. विभिन्न सेशंस में देश के अनुभवी हेयर और ब्यूटी एक्सपर्ट्स ने अपनी कला और अनुभव साझा किए, जिससे कार्यक्रम और भी प्रभावशाली बन गया.

# अटल जी की कविताओं का किया पाठ

- महिला मोर्चा द्वारा काव्य पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न

**इंदौर. भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर मुख्य अतिथि महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष ज्योति तोमर, नगर अध्यक्ष शैलजा मिश्रा, नगर मंत्री कंचन गिदवानी, नेहा शर्मा, वृंदा ताई की उपस्थिति में अटल जी की कविताओं पर काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

महिला कार्यकर्ताओं एवं आम महिलाओं ने अटल जी द्वारा रचित कविताओं का पाठ किया. महिला कवित्रियों ने अटल जी के अंदाज में कविता सुनाई. निर्णायक वैशाली फड़के, सुनीता जोशी ने बरखा असरानी को प्रथम, सोनिका जाधव को द्वितीय और ममता बिरथरे को तृतीय विजेता घोषित किया. इस अवसर पर अनीता व्यास, ज्योति पंडित, सुधा सुखयानी, निशा यादव, विमला मनाग्रे, सुषमा पटेल सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थीं.



# कामकाजी कौशल को बेहतर बना सकता है एआई

- एसीएम इंडिया चैप्टर शिखर सम्मेलन का आयोजन

**इंदौर. एसवीकेएम के एनएमआईएमएस इंदौर की ओर से वार्षिक एसीएम इंडिया चैप्टर शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे भारत से एसीएम के छात्र, इस पेशे से जुड़े अनुभवी लोग, एसआईजी और एसीएम-डब्ल्यू चैप्टर शामिल हुए.**




एनएमआईएमएस इंदौर परिसर में आयोजित शिखर सम्मेलन 'मानव-एआई साझेदारी: एआई के दौर के लिए मानव संसाधन को तैयार करना' की थीम पर आधारित था. इस सम्मेलन ने यह पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान किया कि, कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस तरह इंसान की काबिलियत और भविष्य के कामकाजी कौशल को बेहतर बना सकते हैं. एसीएम इंडिया चैप्टर वार्षिक शिखर सम्मेलन के दो दिनों में, आईआईटी, एनआईटी और भारत के अन्य शीर्ष संस्थानों के 250 से अधिक वक्ताओं, 150 से ज़्यादा छात्रों तथा 100 से अधिक प्राध्यापकों ने भाग लिया. प्रतिभागियों ने शिक्षा जगत और उद्योग के जाने-माने विशेषज्ञों के साथ संवाद किया, जिससे उन्हें एआई इनक्लूसिव कंप्यूटिंग, टेक्नोलॉजी के नैतिक उपयोग तथा करियर को आगे बढ़ाने वाले नवाचार से जुड़ी हालिया प्रगति के बारे में जानकारी मिली. एनएमआईएमएस इंदौर के मेंटर अरविंद बांठिया ने कहा इस शिखर सम्मेलन ने हमारे इस विश्वास को और मजबूत किया कि, कंप्यूटिंग का भविष्य इंसान की रचनात्मकता और एआई की क्षमता के संगम पर आधारित है. एनएमआईएमएस इंदौर के डायरेक्टर, डॉ. अंशुमन जैसवाल ने कहा, एसीएम इंडिया चैप्टर शिखर सम्मेलन 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए गौरव की बात है. एसटीएमई एनएमआईएमएस एसोसिएट डीन डॉ. विकास खरे, ने कहा अलग-अलग सत्रों और कार्यशालाओं ने किताबी पढ़ाई और उसके व्यावहारिक उपयोग का एक अनोखा संगम पेश किया.

एक नजर में

बज्म-ए-साकी और इन्शाद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मुशायरा आयोजित

# अदब की महफिलें हैं, विचारों की पवित्रता का मंच : जिला न्यायाधीश खान

**इंदौर.** जल्द ही विदा लेने जा रहे साल के आखिरी सप्ताह में शहर से कुछ दूरी पर सजी एक अदबी महफ़िल ने यह साबित कर दिया कि शायरी सिर्फ़ अल्फ़ाज़ का खेल नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली रूहानी ताक़त है. बज़्म-ए-साक़ी व इन्शाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शानदार मुशायरे में चुनिंदा शायरों के कलाम ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा. दूरी के बावजूद बड़ी संख्या में अदब-प्रेमी मुशायरागाह पहुँचे और हर शे'र पर दिल खोलकर दाद दी.

मुशायरे में इन्शाद के संस्थापक नवीन नवा (मुंबई) ने फ़लसफ़ियाना गहराई से भरे अशआर सुनाए— ख़्वाब लगता हूं तो फिर देख मुझे, लुत्फ़ उठा. मैं दिखाई नहीं दूंगा तुझे ता'बीर के बाद- जिन्होंने श्रोताओं को गहरी सोच में डुबो दिया. लखनऊ से आए ज़ुबैर अंसारी के सामाजिक यथार्थ को उजागर करते अशआर- बेच देंगे हम ज़मीर और मोहतरम हो जाएंगे- पर ख़ासी तालियाँ बजीं.



माधव बर्वे (दुबई) ने परदेस में कमाने वाले मज़दूरों की पीड़ा को बेहद मार्मिक अंदाज़ में रखा- पहुंचूंगा वतन कब तक, न फिर नंबर बदल जाए. नवीन नीर (चंडीगढ़) और रईस अनवर इंदौरी ने अपने सशक्त और विचारोत्तेजक अशआर से माहौल को गंभीरता और संवेदना से भर दिया. मुशायरे के संयोजक तजदीद साक़ी के इन अशआर को खासी दाद मिली- मैं इसलिए भी कई रात से नहीं सोया, वह मेरे ख्वाब कुचलता हुआ निकलता है. रईस अनवर, प्रख्यात शायर सतलज राहत और फ़ाज़िल फ़ैज़ (भोपाल) के तीखे व्यंग्यात्मक शे'र को भी खूब सराहना मिली. कार्यक्रम के पहले दौर में स्थानीय शायरों ने अपना कलाम पेश किया.

### न्याय, सुलह और संवाद का संदेश

मुशायरे के दूसरे दौर की सदारत जिला न्यायाधीश हिदायत उल्लाह खान ने की। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि अदब की महफ़िलें विचारों की पवित्रता का मंच होती हैं. यदि हम अदालतों के चक्कर काटने के बजाय आपसी सुलह, राज़ीनामा, मीडिएशन और लोक अदालत के माध्यम से अपने विवादो को सुलझाएँ, तो यह हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहायक होगा. इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, लेखक व अनुवादक जावेद आलम ने दिवंगत शायर रशीद इंदौरी पर भावपूर्ण मज़मून पढ़ा. कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी मुनीर अहमद ख़ान का इस्तक़बाल भी किया गया. निज़ामत एस. कमाल ने की. मुशायरा अदब, विचार, इंसानियत और सामाजिक सौहार्द के संदेश के साथ देर रात तक जारी रहा और श्रोताओं के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ गया.






# बच्चों ने बनाए विज्ञान और भाषा के सुंदर मॉडल

- बंगाली स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव शुरू

**इंदौर.** बंगाली पब्लिक स्कूल और बंगाली क्लब हायर सेकंड्री स्कूल में सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत हो गई. प्राचार्य खुशबू मूलचंदानी और आरती सरकार ने बताया कि दोनों स्कूलों के छात्र-छात्राओ ने भाषा और विज्ञान पर केंद्रित 60 मॉडल प्रदर्शित किये गए थे, जिसमें दिखाया गया कि सौर ऊर्जा से कैसे बिजली बचाई जा सकती और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है. कुछ मॉडल एआई के बढ़ते प्रयोग पर थे तो कुछ साइबर क्राइम पर केंद्रित. अभिभावकों ने भाषाओ के परस्पर संबंध पर आधारित माडलो की सराहना की तो वही शिक्षकों ने सूचना प्रोधोगिक के महत्व पर केंद्रित मॉडलों की प्रशंसा की. संस्था के चेयरमैन रवि नंदी ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता के आधार पर सभी मॉडल बनाये थे.